# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 6TH



aglasem.com

Class: 6th
Subject : हिन्दी
Chapter : 15
Chapter Name : नौकर

Q1 आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गांधी जी ने कौन सा काम करवाया और क्यों?
Answer. गांधी जी ने आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गेहूँ बीनने का काम करवाया क्योंकि उन छात्रों को अपने अंग्रेजी बोलने पर बहुत घमंड था। वह उन छात्रों को यह सीख देना चाहते थे कि भले ही हम कितने भी शिक्षित हो जाएं, हमें अपने छोटे छोटे कार्य करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

Page : 112, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए ।

Q2 'आश्रम में गांधी कई ऐसे काम भी करते थे, जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते हैं।' पाठ से तीन ऐसे प्रसंगों को अपने शब्दों में लिखो जो इस बात का प्रमाण हों।
Answer. (i) जिस समय वे वकालत करके हज़ारों रूपये कमाते थे, उस समय भी वे रोज़ सुबह स्वयं चक्की पर अपने भोजन के लिए आटा पीसा करते थे।
(ii)आश्रम के नियमो के अनुसार सभी लोगों को मिल-बाँट कर बरतन साफ़ करना पड़ता था।एक दिन गांधी जी स्वयं ही बड़े-बड़े बरतनों को साफ़ करने लगे।
(iii) एक बार दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले कुछ भारतीय छात्रों ने गांधी जी के लिए लंदन में एक शाकाहारी भोज का आयोजन किया और वे गांधी जी के लिए शाकाहारी भोजन तैयार करने के कार्य में लग गए। बाद में देखा गया कि वहा एक दुबला-पतला आदमी भी आकर उनके लिए भोजन बनाने के काम में लग गया। अंत में पता चला कि वह दुबला- पतला आदमी और कोई नहीं बल्कि गांधी जी ही हैं।

Page : 112, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए ।

Q3 लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया?
Answer. लंदन में भारतीय छात्रों द्वारा शाकाहारी भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी खुद ही जल्दी पहुँचकर भोज की तैयारियों में उनकी मदद करने लगे। शाम को सभी को पता चला कि जो दुबला-पतला सा व्यक्ति भोज बनाने में उनकी मदद कर रहे थे वे और कोई नहीं स्वयं गांधी जी है, जो अतिथि थे।

Page : 112, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए ।

Q4 गांधी जी ने श्रीमती पोलक के बच्चे का दूध कैसे छुड़वाया?
Answer.बच्चे को उसकी माँ का दूध पीना छुड़ाने के लिए गांधी जी ने उस बच्चे की ज़िम्मेदारी अपने हाथों में ली। वे बच्चे को माँ से दूर रात में अपने बिस्तर पर सुलाते थे तथा उसके लिए पानी अपने पास रखकर सोते थे। जब बच्चा रात को जगता था तो उसे पानी पिला कर सुला दिया जाता था। इस तरह कुछ दिन तक माँ से अलग सुलाने के बाद बच्चे ने माँ का दूध पीना छोड़ दिया।

Page : 112,  Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए ।


aglasem.com

Q5 आश्रम में काम करने या करवाने का कौन-सा तरीका गांधी जी अपनाते थे? इसे पाठ पढ़कर लिखो।

Answer.

गांधी जी अपना काम स्वयं करना पंसद करते थे,उन्हें किसी की मदद लेना पसंद नहीं था, वे आश्रम का काम भी करते थे तथा दूसरे छात्रों से काम लेने में सख़्ती भी बरतते थे। गांधी जी को काम करता देखकर बाकी लोगों को भी ऐसे ही बैठे रहना अच्छा नहीं लगता था तथा वे लज्जित होकर खुदबखुद काम करने लग जाते थे। किसी के काम पूछने पर गांधी जी उन्हें काम करने से रोकते नहीं थे। गांधी जी आश्रम के लोगों से काम करवाने का तरीका अच्छी तरीके से जानते थे। काम करने के बाद गांधी जी उन्हें धन्यवाद भी देते थे।

Page : 112, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए ।

Q1 गांधी जी पैदल क्यों चलते थे? पैदल चलने के लाभ हैं? लिखो।

Answer.

Page : 112, Block Name : निबंध से आगे

Q2अपने घर के किन्हीं दस कामों की सूची बनाकर लिखो और यह भी की उन कामों को घर के कौन कौन से सदस्य अक्सर करते हैं? तुम तालिका की सहायता ले सकते हो-

Answer.

1.घर का समान लाना-पापा
2.घर की सफाई- मम्मी
3.बिस्तर रखना- मैं
4.खाना बनाना-मम्मी
5.कपड़े धोना-मम्मी
6.राशन का हिसाब रखना-पापा
7.टीवी का रिचार्ज करना-मैं
8.फ़ोन का रिचार्ज करनामैं
9.रुपये कमाना-पापा+मम्मी
10.बर्तन धोना- बहन

मेरे घर में मम्मी सबसे ज्यादा काम करती है। इसके लिए मैं सबके काम का बटवारा समान रूप से करके इसकी अहमियत बताऊँगा घर में। उसके बाद क्लास में भी सबको बताऊँगा।

Page : 112, Block Name : निबंध से आगे

Q1 गांधीजी अपने साथियों की जरुरत के मुताबिक हर काम करते थे, लेकिन उनका खुद का काम कोई और करें, यह उन्हें पसंद नहीं था। क्यों? सोचो और अपनी कक्षा में सुनाओ।

aglasem.com

Answer. गांधी जी को अपना काम खुद करना अच्छा लगता था, उनका मानना था कि इससे आत्मशुद्धि होती है। इससे खुद में स्वानभूति और अनुशासन आता है। वह अपने स्वार्थ के लिए दूसरों को परेशान नही करना चाहते थे।

Page : 113, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2 'नौकरों को हमें वेतन भोगी मजदूर नहीं, अपने भाई के समान मानना चाहिए। इसमें कुछ कठिनाई हो सकती है, फिर भी हमारी कोशिश सर्वथा निष्फल नहीं जाएगी।' गांधी जी ऐसा क्यों कहते होंगे? तर्क के साथ समझाओ।

Answer. नौकरों और मजदूरों कर प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए वो भी हमारी तरह इंसान होते है। उनके भी परिवार है और उनका भी आत्म सम्मान है। गांधी जी का मानना था कि उनसे हमारे संबंध भाइयो जैसा होना चाहिए ताकि वो अपने काम को छोटा न समझे और पूरी आत्मीयता के साथ करें।

Page : 113, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3 गांधी जी की कही- लिखी बातें लगभग 100 से अधिक किताबों में दर्ज है। घर के काम, बीमारों की सेवा, आगंतुकों से बातचीत आदि ढेरों काम के बाद गांधी जी को लिखने का समय कब मिलता होगा? गांधी जी का 1 दिन कैसे गुजरता होगा, इस पर अपनी कल्पना से लिखो।

Answer.गांधी की सुबह अपनी नित्यक्रिया खत्म करके, टहलने जाया करते होंगे। फिर वहाँ से आकर नाहा-धोकर खाना बनाना और उसे दुसरो का परोसने का काम भी खुद ही करते होंगे। नाश्ता करने के बाद अपने राजनैतिक काम के साथ साथ कताई और सिलाई बुनाई भी किया करते होंगे। वैसे यह दोपहर का भोजन और शाम को फिर रात के कहने का प्रबंध भी स्वयं ही करते होंगे। इसी तरह उनकी दिनचर्या चलती होगी।

Page : 113, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q4 पाठ में बताया गया है कि गांधीजी और उनके साथी आश्रम में रहते थे। घर और स्कूल के छात्रावास से गांधी जी का आश्रम किस तरह अलग था? कुछ वाक्य में लिखो।

Answer. घर, स्कूल या छात्रावास में ज्यादा लोग नही रहते। बस कुछ विशिष्ट लोग ही रहते हैं। घर मे घर परिवार और छात्रावास में छात्र पर गांधी जी के आश्रम में सभी प्रकार के लोग रहते थे। स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वालों से लेकर उसका समर्थन मात्र करने वाले भी। कुछ राजनीतिज्ञ और कुछ साहित्यकार भी। हर तरह के लोगो का वहाँ आना जाना था। वहाँ के लोगो को अपना अपना काम स्वयं करना होता था। गांधी जी भी अपना काम स्वयं करते थे। और साथ मे देश की स्वतंत्रता आंदोलनों पर भी अपनी नज़र रखते थे।

Page : 113, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q5 ऐसे कामों की सूची बनाओ जिन्हें तुम हर रोज खुद कर सकते हो।

Answer.
1.अपने कपड़े धोने

aglasem.com

2.अपने कमरे की साफ सफाई रखना
3.बिस्तर ठीक रखना
4.खाना खुद खाना और प्लेट धोना
5.अपने परिवार की सहायता करना।

Page : 113, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1 क) 'पिसाई संज्ञा' है। पीसना शब्द से 'ना' निकाल देने पर 'पीस' धातु रह जाती है। पीस धातु में 'आई' प्रत्यय जोड़ने पर 'पिसाई' शब्द बनता है। किसी किसी क्रिया में प्रत्यय जोड़कर उसे संज्ञा बनाने के बाद उसके रूप में बदलाव आ जाता है, जैसे ढोना से ढुलाई, बोना से बुआई।
मूल शब्द के अंत में जोड़कर नया शब्द बनाने वाले शब्दांश को प्रत्यय कहते हैं।

नीचे कुछ संज्ञाए दी गई हैं। बताओ यह किन क्रियाओं से बनी है?

| | |
|---|---|
| रोपाई | कटाई |
| सिंचाई | सिलाई |
| कताई | रंगाई |

Answer.
रोपाई - रोपना
कटाई- काटना
सिंचाई - सींचना
सिलाई- सिलना
कताई- कातना
रंगाई - रंगना

aglasem.com

ख) हर काम धंधे के क्षेत्र की अपनी कुछ अलग भाषा और शब्द भंडार भी होते हैं। पिछले पृष्ठ पर लिखे शब्दों का संबंध दो अलग-अलग कामों से है। पहचानो कि दिए गए शब्दों के संबंध किन किन कामों से है।

Answer. वो दो काम के क्षेत्र है:

1. रोपाई+कटाई+सिंचाई= कृषि क्षेत्र से।
2. सिलाई+कताई+रंगाई= कपड़े के क्षेत्र से।

Page : 113, Block Name : भाषा की बात

Q2 (क) तुमने कपड़ों को सिलते हुए देखा होगा। नीचे इस काम से जुड़े कुछ शब्द दिए गए हैं। पास के बड़ों से या दर्जी से इन शब्दों के बारे में पूछो और इन शब्दों को कुछ वाक्यों में समझाओ।

तुरपाई

बखिया
कच्ची सिलाई
चोर सिलाई

(ख) नीचे लिखे गए शब्द पाठ से लिए गए हैं। इन्हें पाठ में खोज कर बताओ कि यह स्त्रीलिंग है या पुलिंग।

कालिख
भराई
चक्की
रोशनी
सेवा
पतीला

Answer.

क) 1. तुरपाई- कपड़े को हाथ सिलना
2. बखिया- सिलाई मशीन से कपड़ा सिलना
3. कच्ची सिलाई- जिसका उपयोग मजबूत सिलाई तक किया जाता है।
4. चोर सिलाई- जिसे देखा न जा सके।

ख) कालिख - स्त्रीलिंग
भराई - स्त्रीलिंग
चक्की - स्त्रीलिंग
रोशनी - स्त्रीलिंग
सेवा - स्त्रीलिंग
पतीला - पुलिंग

Page : 114, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com